**Ba/Bc/Hin (MIL)–301**

**2020**

( 3rd Semester )

# HINDI

## ( Modern Indian Language )

Paper No. : HIN (MIL)–301

*Full Marks* : 70    *Pass Marks* : 45%

*Time* : 3 hours

## ( PART : B—DESCRIPTIVE )

( *Marks* : 45 )

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 9×2=18

(क) निदंक नेड़ा राखिये, आँगणि कुटी बँधाइ।
बिन साबण पाँणी बिना, निरमल करै सुभाइ॥

**अथवा**

मैं नए; पुराने सभी तरह के
गीत बेचता हूँ,
जी हाँ, हुजूर मैं गीत बेचता हूँ,
मैं तरह-तरह के गीत बेचता हूँ,
मैं किसिम-किसिम के गीत बेचता हूँ!





(ख) मन में इस तरह के संकल्प उठते हैं—इस बार पुस्तक पढ़ने से पहले प्रश्न-पत्र जरूर देख लेना, साहित्य के विषय में विद्यार्थियों से ऐसा कुछ न कहना जो उनकी परीक्षा के लिए नितांत उपयोगी न हो।

**अथवा**

''अच्छा तो फिर सुनो!'' हीरोजी ने आरंभ किया—''जानते हो शाहंशाह शाहजहाँ की लड़की शाहजादी रौशनआरा एक दफे बीमार पड़ी थी, और उसे एक अंग्रेज डॉक्टर ने अच्छा किया था। उस डॉक्टर को शाहंशाह शाहजहाँ ने हिंदुस्तान में तिजारत करने के लिए कलकत्ते में कोठी बनाने की इजाजत दे दी थी।''

**2.** 'नमक का दरोगा' कहानी के आधार पर पं० अलोपीदीन का चरित्र-चित्रण कीजिए। 9

**अथवा**

'नाखून क्यों बढ़ते हैं?' निबंध की समीक्षा कीजिए।

**3.** 'विनय-पत्रिका' के आधार पर गोस्वामी तुलसीदास के विचार पर प्रकाश डालिए। 9

**अथवा**

नागार्जुन की कविता 'कालिदास' को अपने शब्दों में प्रस्तुत कीजिए।

**4.** निम्नलिखित अवतरण का उपयुक्त शीर्षक के साथ संक्षेपण कीजिए : 9

जीवन में नियम का पालन करना बहुत जरूरी है। इसके लिए मन में भावना होनी चाहिए। सही अर्थों में देखा जाए तो नियम ही भगवान हैं। जिस व्यक्ति का जीवन में कोई नियम नहीं है, उसका जीवन एक पशु के समान है, जो दिनभर मेहनत करता है और रात को सो जाता है। अगले दिन फिर काम में जुट जाता है। हालाँकि नियम वाले व्यक्ति का जीवन एकदम नीरस और एक प्रकार से अलग-सा हो जाता है, लेकिन नियमों से बँधकर जीवन व्यतीत करने वाला व्यक्ति जिस काम को करने का संकल्प लेता है, वह एकदम न सही लेकिन कुछ दिन बाद जरूर पूरा हो जाता है। 'नियम' शब्द से बँधने के संबंध में कहा जाता है कि भीष्म पितामह ने नियमों से बँधकर ही जीवनपर्यंत विवाह नहीं करने का संकल्प लिया था। इसी संकल्प के कारण उन्होंने अपने मन पर काबू पाया, जिससे उनकी शक्ति बढ़ी। उसी के आधार पर भीष्म पितामह ने जीवन भर अपने व्रत का पालन किया।

★ ★ ★

**Subject Code :**
**Ba/Bc/Hin (MIL)–301**

**Booklet No. A**

Date Stamp ............................

..............................................

**To be filled in by the Candidate**

BA / BSc / BCom / BBA / BCA 3rd Semester End Term Examination, **2020**

Subject ......................................

Paper ........................................

**To be filled in by the Candidate**

BA / BSc / BCom / BBA / BCA 3rd Semester End Term Examination, **2020**

Roll No. .................................

Regn. No. ..............................

Subject ..................................

Paper .....................................

DESCRIPTIVE TYPE

Booklet No. B .........................

**INSTRUCTIONS TO CANDIDATES**

1. **The Booklet No. of this script should be quoted in the answer script meant for descriptive type questions and vice versa.**
2. **This paper should be ANSWERED FIRST and submitted within 1 (one) Hour of the commencement of the Examination.**
3. **While answering the questions of this booklet, any cutting, erasing, over-writing or furnishing more than one answer is prohibited. Any rough work, if required, should be done only on the main Answer Book. Instructions given in each question should be followed for answering that question only.**

*Signature of Scrutiniser(s)*

*Signature of Examiner(s)*

*Signature of Invigilator(s)*

**/50**

**2 0 2 0**

( 3rd Semester )

**HINDI**

( Modern Indian Language )

Paper No. : HIN (MIL)–301

( PART : A—OBJECTIVE )

( *Marks* : 25 )

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

SECTION—I

( *Marks* : 5 )

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प के सामने सही (✓) का चिह्न लगाइए : 1×5=5

**1.** ''न्याय के मैदान में धर्म और धन में युद्ध ठन गया।'' यह किस पाठ से लिया गया है?

(क) नमक का दरोगा ( )

(ख) मुगलों ने सल्तनत बख्श दी ( )

(ग) वापसी ( )

**2.** ''चित्रकूट के सुभग शिखर पर उस बेचारे ने भेजा था।'' यह पंक्ति किस कविता से ली गई है?

(क) गीत-फरोश ( )

(ख) कालिदास ( )

(ग) अज्ञात पंछी ( )

**3.** ''इंद्री सिथिल भई केसव बिनु, ज्यों देही बिनु सीस।'' यह पंक्ति कहाँ से ली गई है?

(क) कबीरदास ( )

(ख) तुलसीदास ( )

(ग) सूरदास ( )

**4.** ''वेसलीन! लेकिन वेसलीन तो दवा नहीं होती।'' यह किसने कहा?

(क) मनोहर ( )

(ख) हीरोजी ( )

(ग) फिरंगी ( )

**5.** 'नये वर्ष के शुभ संकल्प' निबंध के निबंधकार कौन हैं?

(क) हजारी प्रसाद द्विवेदी ( )

(ख) रामविलास शर्मा ( )

(ग) शरद जोशी ( )

SECTION—II

( *Marks* : 10 )

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×5=10

**1.** पं० ब्रजभूषण लाल त्रिपाठी का झुकाव किस ओर था?

**2.** 'गीत-फरोश' कविता में कवि का विचार क्या है?

**3.** गोपियाँ 'हारिल की लकड़ी' किसे कहती हैं?

**4.** वंशीधर के विचार क्या हैं?

**5.** कबीर ने प्रेम-विहीन हृदय की तुलना किससे की है?

**6.** शाहजादी रौशनआरा के विषय में लिखिए।

**7.** नाखून बढ़ने की प्राणि-विज्ञान सम्मत व्याख्या क्या है?

SECTION—III

( *Marks* : 10 )

**1.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : ½×4=2

उन्नति ; उत्तम ; विष ; आचार ; गुरु ; जय ; आत्मा

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1×3=3

गणेश ; जल ; कपड़ा ; आँख ; अमृत ; गंगा

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** मुहावरों के वाक्य-प्रयोग द्वारा अर्थ स्पष्ट कीजिए : 1×3=3

उन्नीस-बीस होना ; कलम तोड़ना ; खाक छानना ; नाच न जाने आँगन टेढ़ा ; नाक का बाल होना ; होनहार बिरवान के होत चिकने पात

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए : 1×2=2

अव ; उप ; उन ; भर

⋆ ⋆ ⋆